## KIT DISTRIBUTION

**3 april 2020 News**: जयगच्छाधिपति व्याख्यान वाचस्पति , वचन सिद्ध साधक , उग्र विहारी, बारहवें पट्टधर *आचार्य प्रवर श्री पार्श्वचंद्र जी म.सा.* प्रवचन प्रभावक , एस.एस.जैन समणी मार्ग के प्रारंभकर्ता , अणुप्पेहा ध्यान प्रणेता *डॉ. श्री पदमचंद्र जी म.सा. ,* सेवाभावी *श्री जयेंद्र मुनि जी म.सा* की प्रेरणा से अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ, जे.पी.पी अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, जे. पी. पी जैन ग्रुप्स इंडिया के द्वारा कोरोना से बनी इस विषम परिस्थिति में जरूरतमंत व्यक्तियों को जीवनोपयोगी खाद्य सामग्री के किट वितरित किये जा रहे हैं। 1500 से अधिक किट अभी तक वितरित किए जा चुके हैं और 1500 से अधिक किट और तैयार हो रहे हैं। झुंठा, रायपुर में 500 किट, ब्यावर में 500 किट, असावरी एवं सैनणी में 200 किट, जोधपुर में 100 किट, नागौर में 100 किट, पीपाड़ में 100 किट, विश्व हिन्दू परिषद (आर. एस. एस.) पाली एवं रायपुर में 100 - 100 किट वितरित किये गए। ब्यावर में आज श्री अ. भा. श्वे. स्था. जयमल जैन श्रावक संघ शाखा ब्यावर, जे. पी. पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन एवं जे. पी. पी. जैन युवा फाउंडेशन के पदाधिकारीगण व सदस्यों ने विश्व हिन्दू परिषद में 100 किट प्रदान किये गए तथा ब्यावर में 1100 भोजन के पैकेट आज से 10 दिन तक वितरित किये जाएंगे।
सम्पूर्ण राजस्थान में 3000 किट वितरित किये जाएंगे जिसमें ब्यावर में 400 किट, जवाजा में 25, सूरजपुरा में 25, रावतमाला में 25, नानणा में 25, गिरी में 100, बूटिवास में 25, हाजी में 25, बर में 25, रायपुर में 100, झूँठा में 50, पिपलिया कलां में 25, चंडावल में 25, सांडिया में 110, करमावास में 25, सोजत सिटी में 50, पाली में 100, जोधपुर में 125, पीपाड़ में 50, खेजड़ला में 25, रणसीगांव में 25, साथिन में 25, सेवकी में 25, बुचेटी में 25, खांगटा में 25, हरसोलाव में 25, रड़ोद में 25, आसोप में 25, सैनणी में 100, गारासनी में 25, असावरी में 25, नागौर में 50, फिरोजपुरा में 25, बुटाटी में 50, डेह में 25, खजवाणा में 51, बावड़ी में 25, रियां सेठां की में 25 किट वितरित किये जाएंगे।
इस योजना को मूर्तरूप देने में श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिखरचंद जी बेताला, राष्ट्रीय महामंत्री विजयसिंह जी पींचा, बैंगलोर के मंत्री श्री कनकराज जी चोरड़िया , जे. पी. पी. महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुशीला जी कांकरिया, राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती कविता की लूंकड़ का पूर्ण सहयोग रहा।

**4 april 2020 News:** जयगच्छाधिपति व्याख्यान वाचस्पति , वचन सिद्ध साधक , उग्र विहारी, बारहवें पट्टधर *आचार्य प्रवर श्री पार्श्वचंद्र जी म.सा.* प्रवचन प्रभावक , एस.एस.जैन समणी मार्ग के प्रारंभकर्ता , अणुप्पेहा ध्यान प्रणेता *डॉ. श्री पदमचंद्र जी म.सा. ,* सेवाभावी *श्री जयेंद्र मुनि जी म.सा* की प्रेरणा से अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ, जे.पी.पी अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, जे. पी. पी जैन ग्रुप्स इंडिया के द्वारा कोरोना से

बनी इस विषम परिस्थिति में जरूरतमंत व्यक्तियों को जीवनोपयोगी खाद्य सामग्री के किट वितरित किये जा रहे हैं। 1500 से अधिक किट अभी तक वितरित किए जा चुके हैं और 1500 से अधिक किट और तैयार हो रहे हैं। इसी के अंतर्गत सबलपुरा(राज.) के जरूरतमंद परिवारों के लिए श्री दलपतसिंह जी राठौड़ को 35 किट वितरण हेतु उपलब्ध करवाए गए एवं जो जो जरूरतमंद थे उन्हें किट वितरित किये गए।
संघ के ही तत्वावधान में बावड़ी के सरपंच श्री दिनेश जी देशलहरा द्वारा घर घर जाकर स्वयं की तरफ से जरूरतमन्दों को खाद्य सामग्री वितरित की गई।
इसी तरह संघ के ही तत्वावधान में खजवाणा में कमलेश जी कोठारी , सुमेरचंद जी सोनी , रामेश्वर जी ग्रामसेवक , ओमप्रकाश जी , राजवीर जी ने खाद्य सामग्री के 51 किट जरूरतमंद परिवारों को वितरित किये।
उक्त किट में 10 किलो आटा , 1 किलो शक्कर , 1 लीटर तेल , 1 किलो मिक्स दाल , 1 किलो नमक, 200 ग्राम मिर्ची, 100 ग्राम धनिया, 100 ग्राम हल्दी, चाय पत्ती एवं साबुन है।

**5 april 2020 News:** कोरोना से बनी इस विषम परिस्थिति में लोगों को राहत पहुंचाने हेतु श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ, जे. पी. पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, जे. पी. पी. जैन ग्रुप्स के कार्यकर्ता जयगच्छाधिपति आचार्य श्री पार्श्वचंद्र जी महाराज, डॉ. श्री पदमचंद्र जी महाराज के आशीर्वाद से राजस्थान के अनेक शहरों एवं गावों में तथा अन्य राज्यों में भी जरूरतमन्द परिवारों को राशन किट उपलब्ध करवा रहे हैं एवं इसी के साथ ब्यावर में रोज 1100 भोजन के पैकेट बनाकर जरूरतमन्दों तक कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचाए जा रहे हैं। लगातार 10 दिन तक यह भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है जिससे अनेकों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसी तरह संघ के तत्वावधान में जवाजा के सरपंच संजय जी सोनी , संघ के प्रांतीय अध्यक्ष दुलराज जी रूणीवाल ने सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए जरूरतमंद परिवारों को 25 किट वितरित किये। संघ के ही तत्वावधान में नानणा में मोतीलाल जी समदड़िया ने 25 किट का वितरण किया, सूरजपुरा में गणेशलाल जी समदड़िया ने 25 किट का वितरण किया। श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ , जे. पी. पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, जे. पी. पी. जैन ग्रुप्स के द्वारा कुल 3000 किट वितरण किये जा रहे हैं। अभी तक 2000 किट वितरित कर दिये गए हैं। एक किट की लागत करीब 700 रुपये आ रही है।

**6.april 2020 News:** जयगच्छाधिपति व्याख्यान वाचस्पति , वचन सिद्ध साधक , उग्र विहारी, बारहवें पट्टधर आचार्य प्रवर श्री पार्श्वचंद्र जी म.सा. प्रवचन प्रभावक , एस.एस.जैन समणी मार्ग के प्रारंभकर्ता , अणुप्पेहा ध्यान प्रणेता डॉ. श्री पदमचंद्र जी म.सा. , मधुर व्याख्यानी श्री जयेंद्र मुनि जी म.सा. की प्रेरणा से श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ , जे.पी.पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन , जे.पी.पी. जैन ग्रुप्स इंडिया के

तत्वावधान में जे.पी.पी. जैन इंटरनेशनल स्कूल , झूंठा-रायपुर में आज भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष में जैन समणी सुगमनिधि जी एवं समणी सुधननिधि जी ठाणा के सान्निध्य में प्रसादम् (खाद्य सामग्री)के किट वितरित किये गए। प्रिंसिपल रेखा जी, शान्तिलाल जी मेहता, कमलचन्द जी बोहरा , अजय कुमार जी बोहरा , तनिष जी बोहरा , अशोक कुमार जी तातेड , करण कुमार जी बोहरा , ललित कुमार जी तातेड , रेनू जी बोहरा , स्कूल के टीचर्स आदि अनेक महानुभव उपस्थित थे। रायपुर में विमसलचंद जी तातेड़ , अशोक जी तातेड़, ललित जी तातेड़, दिलीप जी छाजेड़ के द्वारा 40 किट वितरित किये गए। संघ के ही तत्वावधान में हाजीवास में सुरेशचंद जी मकाणा ने 25 किट का वितरण किया। जे.पी.पी. जैन इंटरनेशनल स्कूल , गिरी में R.T.I. बच्चों एवं अन्य व्यक्तियों को राजेश जी मालवीय एवं स्कूल के प्रिंसिपल चंद्रप्रकाश जी बागड़ी ने 110 किट का वितरण किया। श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ , जे. पी. पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन , जे. पी. पी. जैन ग्रुप्स के द्वारा कुल 3000 किट वितरण किये जा रहे हैं। अभी तक 2500 किट वितरित कर दिये गए हैं। एक किट की लागत करीब 700 रुपये आ रही है।

**7 april 2020 News:** जयगच्छाधिपति व्याख्यान वाचस्पति , वचन सिद्ध साधक , उग्र विहारी, बारहवें पट्टधर आचार्य प्रवर श्री पार्श्वचंद्र जी म.सा. , प्रवचन प्रभावक, एस.एस.जैन समणी मार्ग के प्रारंभकर्ता , अणुप्पेहा ध्यान प्रणेता डॉ. श्री पदमचंद्र जी म.सा. , मधुर व्याख्यानी श्री जयेंद्र मुनि जी म.सा. की प्रेरणा से श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ , जे.पी.पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन , जे.पी.पी. जैन ग्रुप्स इंडिया के तत्वावधान में कोरोना महामारी के भीषण प्रकोप को दृष्टिगत रखकर आपदा पीड़ितों की सहायतार्थ खाद्य सामग्री के 60 किट नागौर में वितरित किए गए हैं। इस दौरान हरकचंद जी ललवाणी, कमलचंद जी ललवाणी , संजय जी पींचा , पारस जी भूरट , मूलचंद जी ललवाणी , जितेंद्र जी चौरड़िया , किशोरचंद जी पारख , पंकज जी ललवाणी , सुनील जी ललवाणी आदि अनेक कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था में सहयोग किया। संघ के ही तत्वावधान में करमावास में जे. पी. पी. के कर्मठ कार्यकर्ता श्यामलालजी सोमदत्त जी दाधीच ने भी 25 किट वितरित किये। संघ के ही तत्वावधान में फिरोजपुरा में ओम प्रकाश जी डूकिया ने भी 25 किट वितरित किये। संघ के ही तत्वावधान में जे. पी. पी. जैन इंटरनेशनल स्कूल सेनणी में जिन जिन को आवश्यकता थी एवं आर. टी. आई के कुछ बच्चों को कमलेन्द्र जी झा , अमित जी एवं अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा 50 किट वितरित किये गए। संघ के तत्वावधान में चंडावल में सुनील जी बाफना के द्वारा 70 किट वितरित किये गए। इसी के साथ श्री जयमल जैन श्रावक संघ पीपाड़ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा सोशल डिस्टेन्सिंग नियमों के पालना के तहत छोटे घेरे बनाकर पीपाड़ के दिहाड़ी मजदूर एवं आर्थिक रूप से कमजोर 50 परिवारों के सदस्यों को खाद्य सामग्री के किट वितरण किए गए। इस योजना को मूर्तरूप देने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं को एवं श्री अखिल

भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

श्री अखिल भारतीय श्वेताम्बर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ, जे. पी. पी. अहिंसा रिसर्च फाउंडेशन, जे. पी. पी. जैन ग्रुप्स के द्वारा कुल 3316 किट अभी तक वितरित कर दिये गए हैं , 200 किट और बनाये जाएंगे। एक किट की लागत करीब 700 रुपये आ रही है लेकिन दुकानदारों ने भी संघ के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए 600 रुपये के हिसाब से राशि ली। उक्त किट में 10 किलो आटा, 1 किलो शक्कर, 1 लीटर तेल, 1 किलो मिक्स दाल, 1 किलो नमक, 200 ग्राम मिर्ची, 100 ग्राम धनिया, 100 ग्राम हल्दी, चाय पत्ती एवं साबुन है।